संख्या : 28/2018/376/छप्पन-2018-153/2000

प्रेषक,

सूर्य पाल गंगवार,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
नागरिक उड्डयन,
उ0प्र0, लखनऊ।

नागरिक उड्डयन अनुभाग लखनऊ : दिनांक: 22 मार्च, 2018

विषय :राजकीय वायुयान सुपरकिंग एयर बी-200 वीटी-यू0पी0आर0 के इंजन मॉडल संख्या**-PT6A-42, SI No PCE-PJ0663** का एसेसरीज सहित ओवरहाल कराए जाने के लिए अतिरिक्त धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या- 916/ना0उ0नि0/बी-1/2017(पी), दिनांक 19 फरवरी, 2018 के सन्दर्भ में शासनादेश संख्या-90/2017/1713/छप्पन-2017-153/2000 दिनांक 24 नवम्बर, 2017 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राजकीय वायुयान सुपरकिंग एयर बी-200 वीटी-यू0पी0आर0 के इंजिन मॉडल संख्या**-PT6A-42, SI No PCE-PJ0663** का एसेसरीज सहित इंजन ओवरहाल कराए जाने के लिए इंगित शासनादेश दिनांक 24 नवम्बर, 2017 के द्वारा रूपये **2,22,80,601/-** (रूपये दो करोड बाइस लाख अस्सी हजार छः सौ एक मात्र) की स्वीकृति प्रदान की गई थी। निर्माता फर्म मेसर्स प्राट एण्ड व्हिटनी कनाडा, सिंगापुर द्वारा इंजिन तथा एसेसरीज के डीटेल्ड स्ट्रिप/टियर डाउन इंस्पेक्शन के उपरान्त फाइनल कास्ट इस्टीमेट डिटेल रिपोर्ट तथा ई-मेल के अनुसार प्रश्नगत इंजन के एसेसरीज सहित ओवरहाल हेतु फाइनल कास्ट यू0एस0 डॉलर 297869.00 के स्थान पर यू0एस0 डॉलर 312406.91 हो रही है, जो कि भारतीय मुद्रा में रूपए 68/- प्रति यू0एस0 डॉलर की विनिमय दर से कुल रूपए 2,33,68,037/- (रूपए दो करोड़ तैंतीस लाख अड़सठ हजार सैंतीस मात्र) (लेटर ऑफ क्रेडिट धनराशि सम्मिलित करते हुए) होता है, अतः इंगित इंजिन के ओवरहाल हेतु यू0एस0 डॉलर 14537.91 का अतिरिक्त व्यय निहित है जो कि भारतीय मुद्रा में रू0 68/- प्रति यू0 एस0 डॉलर की दर से रू0 9,88,578/- तथा इस धनराशि पर लेटर ऑफ क्रेडिट मार्जिन 10 प्रतिशत की दर से रू0 98,858/- अर्थात् कुल रू0 10,87,436/- (रूपए दस लाख सत्तासी हजार चार सौ छत्तीस मात्र) की स्वीकृति प्रदान की जानी है। अतः राज्यपाल महोदय वित्तीय वर्ष 2017-18 में मेसर्स प्राट एण्ड व्हिटनी कनाडा, सिंगापुर को राजकीय वायुयान सुपरकिंग एयर बी-200 वीटी-यू0पी0आर0 के इंजन मॉडल संख्या**-PT6A-42, SI No PCE-PJ0663** का एसेसरीज सहित ओवरहाल करने हेतु अतिरिक्त धनराशि यू0एस0 डॉलर 14537.91 जो भारतीय मुद्रा में रूपये 68/- प्रति यू0एस0 डॉलर की विनिमय दर से रूपये 10,87,436/- (रूपए दस लाख सत्तासी हजार चार सौ छत्तीस मात्र) की वित्तीय स्वीकृति सहर्ष प्रदान करते हैं।

2/--

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

2- उपर्युक्त मद पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या- 38 के अधीन लेखा शीर्षक - 2070-अन्य प्रशासनिक सेवायें-114-वाहन का क्रय तथा रख रखाव-03-नागरिक उड्डयन निदेशालय-42-अन्य व्यय के नामे डाला जायेगा।

3- यह वित्तीय स्वीकृति वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-8/2017/बी-1-1190/दस-2017-231/2017, दिनांक 03 अगस्त, 2017 में दिए गए प्राधिकार के अन्तर्गत निर्गत की जा रही है।

भवदीय,
सूर्य पाल गंगवार
विशेष सचिव।

संख्या: 28/2018/376(1)/छप्पन-2018-तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

(1) महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)-प्रथम, उ0प्र0, इलाहाबाद।
(2) उप महालेखाकार/ई0एस0-III, आडिट भवन, टीसी-35-वी-1, विभूति खण्ड, गोमती नगर लखनऊ-10
(3) मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
(4) वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7
(5) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
डॉ सत्य प्रकाश तिवारी
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।